**प्रेषकः**

**महासचिव**
**लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय**
**कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद,**
**भारत।**

**सेवा में,**

**प्राचार्य / निदेशक / प्रबन्धक**
**परिषद से सम्बद्ध समस्त**
**निजी क्षेत्र की संस्थाऐं।**

**पत्रांकः ला0बा0श0परि0 / परिषद–15 / 09 / 2025** **दिनांक 10.04.2025**

**विषयः** **शैक्षिक सत्र 2025–2026 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग के अनुरूप एलाईड हैल्थ केयर (पैरामैडिकल) महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों को संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग संलग्नक कर आपको इस आशय के साथ प्रेषित है कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही एलाईड हैल्थ केयर (पैरामैडिकल) महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों का सम्यक संचालन कराने का कष्ट करें। इसके साथ ही शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही इसका परिपेषण एवं अनुश्रवण भी सुनिश्चित किया जाये।

**भवदीय**

**संलग्नक – यथोक्त**

A. Giri

**(अभिषेक गिरी)**
**महासचिव**
**लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल**
**एवं प्रशिक्षण, भारत**

**पृष्ठांकन संख्या** – ला0बा0श0परि0 / परिषद–15 / 09 / 2025 (1–6)

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

क– निजी सचिव, अध्यक्ष जी, लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण, भारत।

ख– विशेष सचिव, लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण, भारत।

ग– महानिदेशक, लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण, भारत।

घ– अपर परिषद निदेशक (एलाईड हैल्थ केयर/व्यवसायिक शिक्षा/पत्राचार), लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण, भारत।

ङः– परीक्षा नियन्त्रक, लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण, भारत।

च– गार्ड फाईल।

A.Giri

**(अभिषेक गिरी)**
**महासचिव**
**लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल**
**एवं प्रशिक्षण, भारत**

## शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु तिथिवार एकेडमिक कैलेण्डर

| क्र0सं0 | कार्य विवरण | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|
| 1. | वार्षिक पद्धति (पठन पाठन एवं अन्य क्रियाकलाप) | 1 जुलाई, 2025 |
| 2. | वार्षिक पद्धति में प्रवेशित अभ्यर्थियों का पठन पाठन | 20 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ |
| 3. | वार्षिक पद्धति में प्रवेशित अभ्यर्थियों हेतु नामांकन आवेदन पत्र | 15 सितम्बर, 2025 से 10 अक्टूबर, 2025 तक |
| 4. | मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम | 5 जनवरी, 2026 से 15 जनवरी, 2026 तक |
| 5. | परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क करने की तिथि | 20 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक |
| 6. | रोल नम्बर आवंटन सहित नामांवली ऑनलाईन जारी करने की तिथि | 5 फरवरी, 2026 से 10 फरवरी 2026 तक |
| 7. | ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | 15 फरवरी, 2026 से 25 फरवरी, 2026 तक |
| 8. | सैद्धान्तिक परीक्षा (वार्षिक परीक्षा) | 1 मार्च, 2026 से 15 मार्च 2026 तक |
| 9. | सेशनल अंकों एवं प्रयोगात्मक परीक्षा अंकों की ऑनलाईन फिडिंग प्रक्रिया | 5 अप्रैल, 2026 से 15 अप्रैल, 2026 तक |

**नोटः**– परिषद परिक्षा नियमावली 2023 में वर्णित शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार प्रत्येक वार्षिक पद्धति में 190 दिन की प्रभावी कक्षायें सम्पादित होनी है।

**भवदीय**

A. Giri

**(अभिषेक गिरी)**
**महासचिव**
**लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण, भारत**

# सामान्य निर्देश

1- महाविद्यालय में शिक्षण के दौरान प्रथम आरम्भ से पूर्व, आरम्भ के 15 मिनट प्रातःकालीन प्रार्थना सभा हेतु निधार्रित होगी। जिसमें प्रार्थना होगी तथा शिक्षकों एवं अभ्यर्थियों द्वारा आज का सुविचार प्रस्तुत किया जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा प्रत्येक दिन किसी नैतिक/प्रासंगिक विषय जैसे जीवन में स्वास्थ्य का महत्व एवं मूल्य परक शिक्षा, विभिन्न मानव मूल्य यथा चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा, कर्तव्य परायणता, सत्यनिष्ठा, महापुरूषों का जीवन चरित्र, पर्यावरण एवं जनसंरक्षण, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि पर विचार प्रस्ताव किये जायेगें।

2- नये सत्र में नया संकल्प कार्यकर्म का आयोजन। इसके अन्तर्गत जुलाई माह के प्रत्येक सप्ताह में 2 दिन शिक्षाधिकारी महाविद्यालयों की प्रातःकालीन सभाओं में विद्यार्थियों से जीवन मूल्य, अनुशासन, करियर, नियमित दिनचर्या आदि प्रसंगिक विषयों पर प्रेरक संवाद करेंगें। कार्यकर्म में यथा सम्भव महाविद्यालयों के पूर्व छात्रों एवं विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाये।

3- प्रत्येक पक्ष में एक दिन विद्यार्थियों को कैरियार के प्रति जागरूक करने के लिये स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, डाक्टरों, बैंक के अधिकारियों, न्यायिक सेवा से जूडे अधिकारियों, उद्यमियों एवं अन्य प्रतष्ठित महानुभावों को सम्बोधन हेतु आमंत्रित किया जाये। शैक्षणिक गतिविधियों में जीवन कौशल शिक्षा के समावेश हेतु सप्ताह में 2 वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

4- लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद की पाठय पुस्तकें ई–बुक्स के रूप में परिषद की वेबसाईट पर लिंक के रूप में उपलब्ध हैं, जहाँ से पुस्तकों एवं सिलेबस को अभ्यर्थी द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षण सामग्री यू–टयूब पर लिंक के माध्यम से वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इसकी सूचना महाविद्यालयों द्वारा नोटिस बोर्ड पर भी लगाई जाये।

5- लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद, भारत की वेबसाईट पर पाठयक्रम एवं शैक्षिक–पंचांग उपलब्ध है। उक्त के अनुसार ही महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य कराया जावे।

6- सभी पाठयक्रमों के लिये निर्धारित मासिक पाठयक्रम उसी माह पूर्ण कराया जावे।

7- महाविद्यालयों में सभी शिक्षकों को शिक्षक डायरी उपलब्ध कराये जाये जिसमें शिक्षकों द्वारा किये जाने वाले शैक्षिक व उनके द्वारा किये गये अन्य कार्यो के साथ–2 उनकी शिक्षण योजना का भी उल्लेख हो। प्राचार्यो द्वारा शिक्षक डायरी का नियमित अवलोकन भी किया जाये तथा निरक्षण अधिकारी भी अवलोकन करें।

8- महाविद्यालयों की वेबसाईट पर महाविद्यालयों की गतिविधियों को प्रदर्शित भी किया जाये। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाये जा रहे डिजीटल अभियान की उपलब्धता को बढ़ाने व डिजीटल लिटरेसी को बढ़ाने के लिये सभी महाविघालयों द्वारा अपने प्रत्येक पंजीकृत अभ्यथियों से उनकी ई–मेल आईडी बनवायी जाये तथा उनके प्रयोग हेतु उन्हें प्रशिक्षित भी किया जावे। नियमित पठन–पाठन में ईमेल आईडी के व्यवहारिक प्रयोग को बढ़ावा दिया जाये।

9- प्रत्येक माह के प्रत्येक शनिवार को अभ्यथिर्यो के सर्वांगिण विकास हेतु विविध पाठय सहगामी गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

- माह के प्रत्येक शनिवार को सदनवार सांस्कृतिक गतिविधियों, वादन, नाटक, चित्रकला, रंगोली आदि आयोजन किया जावे।
- द्वितीय शनिवार को सदनवार खेलकूद आधारिक प्रतियोगिताऐं आधारित की जावे।
- तृतीय शनिवार को महाविद्यालयों द्वारा जनपद के किसी भी सरकारी, अर्द्धसरकारी, प्राईवेट अस्पतालों में छात्रों को विजिट कराया जाये।

10- लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने तथा इस सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्‌देश्य से महाविद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने वाले लघु कथाऐं, प्रेरक प्रसंग, संक्षित उदभोदन, गीत आति गतिविधियों को आयोजन किया जावे।

11- महापुरूषों की जयन्ती दिवस पर उनके जीवन एवं उनके योगदान के विषय में चर्चा की जाये तथा वाद विवाद प्रतियोगिता कराकर अभ्यर्थियों को जागरूक किया जावे।

12- बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्‌देशय से संचालित **"मिशन शक्ति अभियान"** के अन्तर्गत प्रत्येक महाविद्यालय में **"नारी सर्वोपरि मंच**" का गठन किया जाये। **नारी सवोपरि मंच** की नियमित बैठक आयोजित की जाये जिसमें

निम्नलिखित मुददों पर डिबेट, नाटक, गीत एवं कहानी आदि के माध्यम से चर्चा की जाये।

- बाल एवं महिला अधिकारों पर चर्चा।
- बालिकाओं के हितों के प्रतिकूल समाज में प्रचलित कुरीतियां एवं निदानात्मक रणनितीयां।
- आत्मरक्षा के उपायों पर चर्चा एवं अभ्यास।
- बाल एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिये गठित हेल्प लाईन्स व इसके प्रयोग की जानकारी देना।

13- अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका स्वास्थ्य कार्ड तैयार कराया जाये।

14- अभ्यर्थियों की प्रगति एवं प्रयासों के सम्बन्ध में फीडबैक हेतु छात्र–डायरी उपलब्ध करायी जाये।

नोटः– **सभी महाविद्यालयों द्वारा वार्षिक, शैक्षिक पंचांग में दिये गये समस्त निर्देशों का कढ़ाई से अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाये।**

**भवदीय**

A. Giri

**(अभिषेक गिरी)**
**महासचिव**
**लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल**
**एवं प्रशिक्षण, भारत**